ECO-10

BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

Term-End Examination

December, 2008

ELECTIVE COURSE : COMMERCE

ECO-10 : ELEMENTS OF COSTING

Time : 2 hours *Maximum Marks : 50*

(Weightage 70%)

Note : *Attempt any* ***two*** *questions from Section A and any* ***two*** *questions from Section B.*

SECTION A

1. (a) What are various deficiencies of financial accounting that gave rise to the need for cost accounting ?

(b) State the difficulties faced in introducing a costing system in an organisation. 6, 4

2. (a) Explain FIFO method of pricing issue of materials and state its limitations.

(b) What do you mean by 'idle time' ? How do you deal with it in cost accounts ? 5, 5

3. Write notes on any ***two*** of the following : 5, 5

(a) Labour Turnover Rate

(b) Bin Card

(c) Cost centre and Cost unit

(d) Payroll Accounting

SECTION B

4. (a) The estimated materials cost of Job D is Rs. 40,000 and direct labour cost is likely to be Rs. 8,000. In the machine shop it will require machining by machine no. 3 for 20 hours and by machine no. 4 for 6 hours. The machine hour rate of machine no. 3 and machine no. 4 are Rs. 80 and Rs. 120 respectively.

Last year, the direct wages amounted to Rs. 3,20,000 and the other factory overheads (excluding those related to these two machines) amounted to Rs. 1,92,000. The works cost of all jobs last year amounted to Rs. 10,00,000 and the office expenses amounted to Rs. 1,50,000.

Prepare a statement of quotation which provides for 20% profit on selling price.

(b) From the following information, calculate (i) Reorder Quantity and (ii) Maximum Stock Level.

Annual usage : 30,000 units

Cost of materials per unit : Rs. 3

Cost of placing an order : Rs. 20

Time required for delivery : 1 to 2 months

Normal consumption : 2,500 units per month

Maximum consumption : 3,000 units per month

Minimum consumption : 2,000 units per month

Annual carrying cost of one unit is 20% of inventory value. *9, 6*

5. In a factory, a product passes through two processes R and T. In process R, a loss of 5% is allowed. In process T, a loss of 4% is allowed. Nothing is being realised by disposal of the wastage.

During the month of March, 2007, 20,000 units of material costing Rs. 6 per unit were introduced in process R. Other costs were as follows :

	Process R (Rs.)	Process T (Rs.)
Other Materials	–	12,130
Wages	20,000	12,000
Overheads	12,000	9,200

The output was 18,600 units from Process R. Process T produced 18,400 units of which 16,000 units were sold for Rs. 15 per unit. The selling and distribution expenses were Re. 1 per unit.

Prepare (i) Process Accounts, and (ii) a Statement of Profit for the month of March, 2007, assuming there was no opening stock of any type. *15*

6. (a) The contract price in respect of a project was Rs. 20,00,000. On 31st March, 2007, 90% of the work had been completed and certified. The cost incurred upto 31st March, 2007 on this project amounted to Rs. 16,00,000.

It was estimated that another amount of Rs. 80,000 would have to be spent further to complete the project. The contractee had paid 80% of the value of work certified.

Compute the amount of profit to be taken to Profit and Loss Account for the year ending 31-3-2007 and show how work-in-progress would appear in the balance sheet as on that date assuming uncertified work as nil.

(b) Explain briefly as to how are the following items of expenses treated in cost accounts :

(i) Royalty and Patent Fees

(ii) Fringe Benefits

(iii) Packaging Expenses *9, 6*

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
सत्रांत परीक्षा
दिसम्बर, 2008

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य
ई.सी.ओ.-10 : लागत लेखा के मूल तत्त्व

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*
(कुल का 70%)

नोट : *खण्ड क में से कोई से **दो** प्रश्न और खण्ड ख में से कोई से **दो** प्रश्न कीजिए ।*

खण्ड क

1. (अ) वित्तीय लेखा में ऐसी क्या विभिन्न कमियाँ हैं जिनके कारण लागत लेखा की आवश्यकता उत्पन्न हुई ?

(ब) किसी संगठन में लागत लेखा की स्थापना करने में किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? व्याख्या कीजिए । *6, 4*

2. (अ) निर्गमित सामग्री के मूल्य निर्धारण की 'पहले आगमन पहले निर्गमन' (FIFO) पद्धति की व्याख्या कीजिए तथा उसकी सीमाओं का उल्लेख कीजिए ।

(ब) 'निष्कार्य समय' से क्या तात्पर्य है ? इसका लागत लेखा में लेखा कैसे किया जाता है ? *5, 5*

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5, 5

(अ) श्रम आवर्त अनुपात (Labour Turnover Rate)

(ब) बिन कार्ड

(स) लागत केंद्र तथा लागत इकाई

(द) मजदूरी पत्रक लेखांकन (Payroll Accounting)

खण्ड ख

4. (अ) जॉब-D की आकलित सामग्री लागत 40,000 रु. है । उसकी प्रत्यक्ष मजदूरी लागत 8,000 रु. होने की संभावना है । मशीन शॉप में मशीन नं. 3 पर 20 घंटे तथा मशीन नं. 4 पर 6 घंटे काम करने की आवश्यकता होगी । मशीन नं. 3 और मशीन नं. 4 की मशीन घंटा दर क्रमशः 80 रु. और 120 रु. है ।

गत वर्ष में प्रत्यक्ष मजदूरी 3,20,000 रु. थी तथा अन्य फैक्टरी उपरिव्यय (इन दो मशीनों के विशिष्ट उपरिव्ययों को छोड़कर) 1,92,000 रु. हुए । गत वर्ष में सभी जॉबों की वर्क्स लागत 10,00,000 रु. थी तथा कार्यालय व्यय 1,50,000 रु. हुए ।

क़ोटेशन का एक विवरण बनाइए जिसमें विक्रय मूल्य पर 20% लाभ का प्रावधान हो ।

(ब) निम्नलिखित विवरण के आधार पर (i) पुनरादेश मात्रा, तथा (ii) अधिकतम स्टॉक की सीमा ज्ञात कीजिए ।

वार्षिक उपयोग : 30,000 इकाइयाँ

प्रति इकाई सामग्री लागत : 3 रु.

प्रति ऑर्डर लागत : 20 रु.

सामग्री की सप्लाई प्राप्त करने की अवधि : 1 से 2 महीने

सामान्य उपभोग : प्रति मास 2,500 इकाइयाँ

अधिकतम उपभोग : प्रति मास 3,000 इकाइयाँ

न्यूनतम उपभोग : प्रति मास 2,000 इकाइयाँ

एक इकाई को स्टॉक में रखने की वार्षिक लागत स्टॉक मूल्य का 20% है । *9, 6*

5. एक फैक्टरी में उत्पाद दो प्रक्रियाओं R तथा T से गुजरता है । R प्रक्रिया में 5% की सामान्य हानि होती है । T प्रक्रिया में 4% की सामान्य हानि होती है । इनसे कुछ भी क्षय मूल्य प्राप्त नहीं होता ।

मार्च, 2007 में प्रक्रिया R के लिए सामग्री की 20,000 इकाइयाँ उपयोग की गईं जिनकी लागत 6 रु. प्रति इकाई थी । अन्य खर्चे निम्नलिखित थे :

	प्रक्रिया R (रु.)	प्रक्रिया T (रु.)
अन्य सामग्रियाँ	–	12,130
मजदूरी	20,000	12,000
उपरिव्यय	12,000	9,200

प्रक्रिया R में 18,600 इकाइयों का उत्पादन हुआ और प्रक्रिया T में 18,400 इकाइयों का जिसमें से 16,000 इकाइयाँ 15 रु. प्रति इकाई के हिसाब से बेची गईं । विक्रय तथा वितरण पर 1 रु. प्रति इकाई व्यय हुआ ।

यह मानते हुए कि कोई आरम्भिक स्टॉक नहीं था, मार्च, 2007 के लिए (i) उपक्रम खाते, तथा (ii) लाभ-हानि विवरण बनाइए । *15*

6. (अ) एक प्रोजेक्ट का ठेका मूल्य 20,00,000 रु. था । 31 मार्च, 2007 को 90% कार्य सम्पन्न हो गया तथा उसे प्रमाणित कर दिया गया । 31 मार्च, 2007 तक इस प्रोजेक्ट पर 16,00,000 रु. खर्च हुए ।

अनुमान लगाया गया कि इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 80,000 रु. और व्यय होंगे । ठेकेदाता ने प्रमाणित कार्य के मूल्य का 80% का भुगतान किया ।

31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ-हानि खाते में ले जाए जाने वाली लाभ की राशि की गणना कीजिए तथा बैलेंस शीट में निर्माणाधीन कार्य सम्बन्धी राशियाँ, यह मानते हुए कि अप्रमाणित कार्य शून्य है, दिखाइए ।

(ब) निम्नलिखित व्यय मदों का लेखा लागत लेखा में किस प्रकार किया जाएगा ? संक्षेप में व्याख्या कीजिए :

(i) रॉयल्टी एवं पेटेंट फीस

(ii) अनुलाभ (Fringe Benefits)

(iii) डिब्बाबंदी व्यय (Packaging Expenses) *9, 6*